प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2026-27)

विषय- हिंदी 'ब' (कोड 085)

कक्षा – दसवीं

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक – 80**

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है - क, ख, ग और घ |
- खंड-क में अपठित बोध पर आधारित कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 10 है |
- खंड-ख में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है | प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं |
- खंड-ग में पाठ्य पुस्तक और पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 21 है | प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं |
- खंड-घ में रचनात्मक लेखन पर आधारित कुल 5 प्रश्न हैं| प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए |
- यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |

	खंड – क **(अपठित बोध)**	**14**
1	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: कठपुतलियों के नाच को देखने के लिए अक्सर उमड़ने वाली दर्शकों की भारी भीड़ इस बात की साक्षी है कि यदि कला लोगों से सीधा संपर्क करती है, तो वह कभी मर नहीं सकती। आज भी कठपुतलियों के नाटकीय कथानकों के माध्यम से समाज की समस्याओं को उभारने और लोगों को जागरुक बनाने की प्रेरणा दी जा रही है। कठपुतली के साथ लोक संस्कृति ही नहीं, कथा-कहानियों और नाटकों की बहुरंगी दुनिया जुड़ी है। सदियों से कठपुतली का प्रदर्शन लोक संस्कृति से जुड़े मनोरंजन का एक सशक्त माध्यम रहा है। आडू की हल्के वज़न की लकड़ी को मानवाकृतियों में काट-छाँटकर बनाई जाने वाली इन पुतलियों के चेहरे पर चटख रंगों से मुँह, नाक, कान और आँखों की रेखाएँ बनाते हैं। बदलते वक्त के साथ अब यह कला भी पूरी तरह व्यावसायिकता के रंगों में रंग गई है। कठपुतली नृत्य का प्रदर्शन अब गाँव की	7

	चौपालों पर नहीं, बल्कि संग्रहालयों, कला मेलों और पाँच सितारा होटलों में भी होने लगा है। आजकल साक्षरता, प्रौढ़ शिक्षा जैसे विषयों को भी कठपुतलियों के ज़रिए रोचक ढंग से पेश किया जाता है। उँगलियों के इशारे से नाचने वाली कठपुतली को इसका सबसे पुराना रूप माना जा सकता है। डोर में खिंची है तो प्रदर्शन कर रही है, इसे ढीला छोड़ दिया तो कठपुतली जिस हाल में है, बस वैसे ही थम जाती है। इसे 'कठपुतली का खेल' या 'कठपुतली का तमाशा' कहा जाता है। साभार: नंदन (सितंबर 2009)	
I	गद्यांश के अनुसार कठपुतली कला के जीवित रहने का प्रमुख कारण क्या है? (A) कला का लोगों से सीधा संपर्क होना (B) मनोरंजन का सस्ता माध्यम होना (C) परंपरा से चला आना (D) पर्यटन स्थलों में प्रदर्शन	1
II	कठपुतली कला के माध्यम से आज किन उद्देश्यों को पूरा किया जा रहा है? सही विकल्प चुनिए: (i) लोक संस्कृति का प्रदर्शन करना (ii) केवल लोगों का मनोरंजन करना (iii) सामाजिक समस्याओं को उजागर करना (iv) साक्षरता और प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाना विकल्प : (A) केवल कथन (i) सही है। (B) कथन (ii) और (iii) सही हैं। (C) कथन (i), (iii) और (iv) सही हैं। (D) कथन (i) और (ii) सही हैं।	1
III	निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए : कथन : कठपुतलियों के नाच को देखने के लिए अक्सर दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ती है। कारण : कला लोगों से सीधा संपर्क करती है, तो वह कभी मर नहीं सकती। विकल्प (A) कथन सही है लेकिन कारण गलत है। (B) कथन गलत है और कारण सही है।	1

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।

	(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। (D) कथन और कारण दोनों सही हैं पर कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।	
IV	"बदलते वक्त के साथ अब यह कला भी पूरी तरह व्यावसायिकता के रंगों में रंग गई है।" आशय स्पष्ट कीजिए?	2
V	कठपुतली को समाज की समस्याओं को उभारने और लोगों को जागरुक बनाने के लिए सशक्त माध्यम माना गया है। अपने विचार तर्क सहित लिखिए?	2
2	निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : रसोई के कचरे से कंपोस्ट खाद बनाने का अनूठा प्रयोग पर्यावरण के लिए एक लोकप्रिय उपक्रम बन रहा है। टेराकोटा के सुन्दर रंगबिरंगे गमले जो नफ़ीस बगीचों में रखे जा सकते हैं, रसोई आदि से निकलने वाले जैविक कचरे के लिए तैयार किए गए हैं। बंगलुरू में सफल प्रयासों की मिसाल अन्य महानगरों ने भी अपनाई। यह कचरा जो शहर में कचरे के लिए निर्धारित स्थान लैंडफिल पर फेक दिया जाता है, अब इन गमलों के माध्यम से कंपोस्ट में बदला जा सकता है। अधिकतर घरों में रोज़ आधा किलो से लेकर 2 किलो तक जैविक कचरा निकलता है। बंगलुरू जैसे शहर रोज़ करीब 3000 टन कचरा तैयार करते हैं। रसोई से निकलने वाले कचरे को हर दिन सूखे पत्तों या अखबारों से ढक कर गमले में रखा जाता है और तीन महीने से भी कम समय में यह सब कंपोस्ट खाद में बदल जाता है। माना जाता है कि कंपोस्ट सबसे बेहतर खाद है जिसमें मिट्टी को दूषित करने वाला रसायन नहीं होता। पुनर्शोधन और कंपोस्ट बनाने जैसी गतिविधियाँ भारत में अभी शुरुआती चरण में हैं परंतु इस कार्य में संलग्न पर्यावरणविदों का मानना है कि इन्हें बहुत आसान बनाना होगा। इस क्षेत्र में सफलता मिलने से उल्लेखनीय बदलाव लाया जा सकता है। तब तक के लिए एक छोटा कदम भी इस पृथ्वी को बचाने में मददगार साबित होगा। स्रोत: इंडिया टुडे	7
I	टेराकोटा के सुन्दर रंगबिरंगे गमले जो नफ़ीस बगीचों में रखे जा सकते हैं। यहाँ 'नफ़ीस' शब्द किस संदर्भ में प्रयोग किया गया है? (A) कोमल मिट्टी से बना हुआ (B) पर्यावरण के लिए लाभकारी (C) सुंदर एवं सुरुचिपूर्ण (D) मजबूत एवं सुंदर	1

II	कंपोस्ट सबसे बेहतर खाद क्यों माना जाता है? (A) वह तीन महीने में बनकर तैयार हो जाता है । (B) इसमें मिट्टी को दूषित करने वाले तत्त्व नहीं हैं। (C) यह सुंदर टैराकोटा के गमले में बनाया जाता है । (D) यह जैविक कचरे से बना हुआ उत्पाद है ।	1
III	निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए : कथन: यह कचरा जो शहर में कचरे के लिए निर्धारित स्थान लैंडफिल पर फेंक दिया जाता है, अब इन गमलों के माध्यम से कंपोस्ट में बदला जा सकता है। कारण : अधिकतर घरों में रोज़ आधा किलो से लेकर 2 किलो तक जैविक कचरा निकलता है। विकल्प (A) कथन सही है लेकिन कारण गलत है। (B) कथन गलत है और कारण सही है । (C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। (D) कथन और कारण दोनों सही हैं पर कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।	1
IV	जैविक कचरे का भिन्न प्रयोग किस प्रकार पर्यावरण को फायदा पहुँचाता है?	2
V	लेखक के अनुसार रसोई के कचरे से कंपोस्ट खाद बनाने का प्रयोग कचरा प्रबंधन और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। इस कथन के पक्ष में तर्क दीजिए।	2
	खंड 'ख' **(व्यावहारिक व्याकरण)**	**16**
3	निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए:	(4X1=4)
I	उनकी आवाज़ सुनकर नस-नस में <u>जोश भर जाता है</u>। (वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए)	
II	तत्कालीन भद्र समाज ततॉंरा का घोर विरोधी था। (वाक्य में से संज्ञा पदबंध छाँटकर लिखिए)	
III	समुद्री बालू पर बैठकर वह सूरज की अंतिम रंग-बिरंगी किरणों को निहारने लगा | (वाक्य में से सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए)	
IV	<u>विरासत में मिली चीजों</u> को संभालकर रखा जाता है। (वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए)	
V	समुद्र की लहरें धीरे-धीरे मद्धम गति से किनारों की ओर बढ़ी आ रही थीं| (वाक्य में से क्रिया-विशेषण पदबंध छाँटकर लिखिए)	

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।

4	निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए:	(4x1=4)
I	थोड़ा-सा ताँबा मिला होने के कारण गिन्नी का सोना ज़्यादा चमकता है। (संयुक्त वाक्य में रूपांतरण कीजिए)	
II	जो लोग काम करने वाले थे उन सबको इंस्पेक्टर द्वारा सूचना दे दी गई थी | (सरल वाक्य में रूपांतरण कीजिए)	
III	हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमज़ोरी लोक-तत्त्व का अभाव होता है। (मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए)	
IV	वामीरो तेज़ कदमों से चलती हुई आई और तताँरा के सामने आकर ठिठक गई। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए)	
V	जब सालाना इम्तिहान हुआ तो मैं उसमें पास हो गया। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए)	
5	निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए:	(4x1=4)
I	'अन्न-जल' - शब्द का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए।	
II	'जनता का सेवक' - समस्त पद बनाकर समास का भेद लिखिए।	
III	'आमरण' शब्द का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए।	
IV	'सूक्तिबाण' सामासिक पद में प्रयुक्त पूर्व पद और उत्तर पद अलग कर समास का भेद लिखिए।	
V	'पीतांबर' शब्द का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए।	
6	निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए:	(4×1=4)
I	वह फेल क्या हुआ, पूरा परिवार टोपी की टोपी उछालता हुआ नज़र आया । (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा छाँटकर लिखिए)	
II	सन्नाटा सुनाई देना- मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।	
III	तलवार खींचना- मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।	
IV	देश के रखवाले …… बाँध कर निकले हैं, अब उन्हें कोई भी मुश्किल रोक नहीं सकती। (रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित मुहावरा लिखिए)	
V	जैसे ही उसने बड़े भाईसाहब को अपनी तरफ़ आते देखा, उसके …… गए। (रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु उचित मुहावरा लिखिए)	
	खंड 'ग' ('स्पर्श' एवं 'संचयन' पाठ्यपुस्तक के आधार पर)	**28**
7	निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए:	(5×1= 5)

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।

	खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर इस तरफ़ आने पाए न रावन कोई तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे छू न पाए सीता का दामन कोई राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो	
I	कवि द्वारा पौराणिक पात्रों का प्रयोग मुख्यतः किस उद्देश्य से किया गया है? (A) धार्मिक भावना और आस्था को जगाने के लिए (B) कथा को अधिक रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए (C) ऐतिहासिक घटनाओं और तथ्यों का वर्णन करने के लिए (D) राष्ट्रीय चेतना को प्रतीकों के माध्यम से व्यक्त करने के लिए	
II	'रावन' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है? (A) संकट के लिए (B) शत्रु देश के लिए (C) सैनिकों के लिए (D) देशवासियों के लिए	
III	इस काव्यांश का संदेश है- (A) हमें लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए (B) हमें राम-लक्ष्मण से सीख लेनी चाहिए (C) हमें मातृभूमि को सीता समझना चाहिए (D) हमें देश की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए	

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।

IV	काव्यांश के आधार पर निम्नलिखित विचार पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। (i) कवि शत्रु के प्रति अकारण हिंसा करने का समर्थन करता है। (ii) कवि के अनुसार केवल शक्ति प्रदर्शन ही राष्ट्र रक्षा का पर्याप्त माध्यम है। (iii) देश की मर्यादा और सुरक्षा के लिए सदैव सजग और तत्पर रहने का संदेश दिया गया है। (iv) काव्यांश नागरिकों को व्यक्तिगत जीवन से ऊपर उठकर राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देता है। विकल्प: (A) कथन (i) और (iii) सही हैं। (B) कथन (iii) और (iv) सही हैं। (C) कथन (i), (ii) और (iii) सही हैं। (D) केवल कथन (iii) सही है।	
V	निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए : कथन : इस काव्यांश में कवि देश की रक्षा के लिए हर प्रकार के बलिदान की प्रेरणा देता है। कारण : कवि देश की सुरक्षा को सबसे महत्वपूर्ण मानता है | विकल्प (A) कथन सही है लेकिन कारण गलत है। (B) कथन गलत है और कारण सही है । (C) कथन और कारण दोनों सही हैं | (D) कथन और कारण दोनों गलत हैं |	
8	निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग **25-30 शब्दों** में लिखिए।	(3×2=6)
I	कबीर ने संसार को 'सुखिया' तथा स्वयं को 'दुखिया' क्यों कहा है?	2
II	"मनुष्य मात्र बंधु है यही बड़ा विवेक है"- मनुष्यता कविता के आधार पर पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।	2
III	'तोप' कविता के माध्यम से कवि वीरेंद्र डंगवाल क्या संदेश देना चाहते हैं?	2

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।

IV	'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में वर्षा से पहले का दृश्य किस प्रकार से आकर्षक और सुंदर है?	2
9	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए:	(5×1= 5)
	हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमज़ोरी होती है, लोक-तत्त्व का अभाव। वे जिंदगी से दूर होती हैं। यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरिफ़ाई किया जाता है। दुःख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके। और 'तीसरी कसम' की यह खास बात थी कि वह दुःख को भी सहज स्थिति में, जीवन-सापेक्ष प्रस्तुत करती है। मैंने शैलेंद्र को गीतकार नहीं, कवि कहा है। वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन-लिप्सा से कोसों दूर थे। जो बात उनकी जिंदगी में थी, वही उनके गीतों में भी। उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।	
I	शैलेंद्र गीतकार से अधिक कवि थे क्योंकि (A) वे शास्त्रीय छंदों में लिखते थे। (B) वे फ़िल्मी दुनिया से दूर रहते थे। (C) उनकी रचनाओं में जीवन-मूल्य पिरोए रहते थे। (D) वे केवल सामाजिक विषयों पर लिखते थे।	
II	'तीसरी कसम' को अन्य फ़िल्मों से अलग बताने का मुख्य कारण क्या है? (A) प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा अभिनय (B) दुःख को जीवन सापेक्ष प्रस्तुत करना (C) दुःख को अत्यधिक प्रभावशाली दिखाना (D) सामाजिक समस्याओं की अनदेखी करना	
III	निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए : कथन : व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती। कारण: मनुष्य अपनी पीड़ाओं से ही सीखता है। विकल्प (A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं। (B) कथन गलत है लेकिन कारण सही है।	

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।

	(C) कथन सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है। (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।	
IV	शैलेंद्र के गीतों की विशेषताओं पर निम्नलिखित विचार पढ़िए और उचित विकल्प चुनिए: (i) प्रेम का भाव (ii) जूझने का संकेत (iii) दुःख का वीभत्स रूप (iv) अपनी मंजिल तक पहुँचने की प्रक्रिया विकल्प: (A) कथन (i) और (iii) सही हैं। (B) कथन (ii) और (iii) सही हैं। (C) कथन (i), (ii) और (iii) सही हैं। (D) कथन (ii) और (iv) सही हैं।	
V	शैलेंद्र के गीतों में व्यथा का स्वर किस रूप में प्रकट होता है? (A) निराशा और पलायन के रूप में (B) आत्मदया और पराजय के रूप में (C) केवल व्यक्तिगत दुःख के चित्रण के रूप में (D) करुणा के साथ संघर्ष और आगे बढ़ने की प्रेरणा के रूप में	
10	निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन प्रश्नों** के उत्तर **25-30 शब्दों** में लिखिए।	(3×2= 6)
I	पाठ में बड़े भाई साहब हमेशा अनुशासन और जिम्मेदारी के उदाहरण पेश करते हैं। यदि आप उनके किसी एक गुण को अपने जीवन में अपनाएँ, तो वह कौन-सा होगा और क्यों?	2
II	'डायरी का पन्ना' पाठ में बंगाल की जनता के साहस और संघर्ष का अप्रतिम उदाहरण मिलता है। कैसे?	2
III	"वे सोने में ताँबा नहीं बल्कि ताँबे में सोना मिलाकर उसकी कीमत बढ़ाते थे।" 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।	2
IV	'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के अनुसार वर्तमान में लोग दूसरों के दुख में दुखी नहीं होते। आपके विचार में इस भावनात्मक बदलाव के क्या कारण हो सकते हैं?	2
11	निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग **50-60 शब्दों** में लिखिए।	(2×3 = 6)

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।

I	टोपी और हरिहर काका दोनों अपने परिवार द्वारा उपेक्षित थे। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि परिवार की उपेक्षा ने उनके मानसिक जीवन और भावनात्मक सुरक्षा को किस प्रकार प्रभावित किया?	3
II	'सपनों के-से दिन' पाठ में पीटी सर ने विद्यार्थियों में अनुशासन के लिए जिन तरीकों को अपनाया, उससे आप कितना सहमत हैं? क्या उन युक्तियों को वर्तमान में स्वीकार किया जा सकता है? अपने विचार के पक्ष में तर्क दीजिए।	3
III	कहानी के अंत तक हरिहर काका की स्थिति दयनीय हो जाती है। हरिहर काका की इस स्थिति के लिए आप किसे जिम्मेदार मानते हैं और क्यों?	3
	खंड घ (रचनात्मक लेखन)	**22**
12	निम्नलिखित तीन विषयों में से **किसी एक** विषय पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **120 शब्दों** में अनुच्छेद लिखिए:	(1×5= 5)
	(i) सबसे अच्छा देश हमारा! • भारत की विविधता एवं एकता • गौरवशाली संस्कृति और समृद्ध इतिहास • वर्तमान की उपलब्धियाँ एवं भविष्य की आशाएँ (ii) तकनीक पर निर्भरता: सुविधा से मजबूरी तक • दैनिक जीवन में तकनीक की भूमिका • अत्यधिक निर्भरता के दुष्परिणाम • विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता (iii) जल संकट: भविष्य की चेतावनी • घटते जल स्रोत • मानव लापरवाही के कारण जल का अपव्यय • जल संरक्षण में हमारी भूमिका	
13	निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **100 शब्दों** में एक औपचारिक पत्र लिखिए।	(1×5 =5)
I	आप भुवन /भावना हैं। आपके पास के बाज़ार में प्रतिबंध के बावजूद प्लास्टिक की थैलियों का खुलेआम उपयोग हो रहा है। इसकी सूचना देते हुए व समस्या के समाधान का निवेदन करते हुए नगर निगम अध्यक्ष को पत्र लिखिए।	

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।

II	आपके विद्यालय के पास एक बस्ती है। आप वहाँ के विद्यार्थियों का नामांकन अपने विद्यालय में करवाना चाहते हैं। इस संदर्भ में अपने विद्यालय- क ख ग के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।	
14	निम्नलिखित में से **किसी एक विषय** पर लगभग **60 शब्दों** में सूचना लिखिए:	(1×4 =4)
I	आपकी सोसाइटी 'आरोग्य नगर' में तीन दिनों का योग एवं ध्यान शिविर प्रारंभ किया जा रहा हैं। सोसाइटी के सचिव के रूप में सूचना तैयार कीजिए।	
II	आप विद्यालय की सुरक्षा समिति के सचिव हैं। विद्यालय में आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। इस संदर्भ में विद्यार्थियों हेतु सूचना लिखिए।	
15	निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **40 शब्दों** में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए:	(1×3= 3)
I	सामाजिक सेवा करने वाली 'रोशनी' संस्था के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।	
II	प्रदूषण कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का प्रचार करते हुए जन-संपर्क विभाग की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए।	
16	प्रश्न के अनुसार उत्तर लिखिए:	(1×5 =5)
I	जिनके बच्चों की उपस्थिति विद्यालय में 70 फीसदी से कम है, उन अभिभावकों को आगाह करने हेतु लगभग **80 शब्दों** में एक ई-मेल तैयार कीजिए। **अथवा**	
II	घनघोर बारिश हो रही थी और अचानक मैंने देखा कि **.....** इस पंक्ति से शुरुआत करते हुए लगभग **100 शब्दों में** लघुकथा लिखिए।	

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रश्न-पत्र के डिज़ाइन और मूल्यांकन के तरीके में कोई बदलाव नहीं है।

अंक योजना

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2026-27)

विषय- हिंदी 'ब' (कोड 085)

कक्षा – दसवीं

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक – 80**

सामान्य निर्देश :

- अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है |
- वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तरों का मूल्यांकन निर्दिष्ट अंक योजना के आधार पर ही किया जाए |
- अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं | ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं |
- यदि परीक्षार्थी इन उत्तर बिन्दुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ |
- मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।

प्रश्न	**उत्तर संकेत**	**अंक और अंक विभाजन**
	खंड – क **(अपठित बोध)**	14
1.	गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर:	7
I	(A) कला का लोगों से सीधा संपर्क होना (इस कला को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ती है।)	1
II	(C) कथन (i), (iii) और (iv) सही हैं। (इस लोक कला के माध्यम से समाज की समस्याओं को उभारने, लोगों को जागरूक बनाना और साक्षरता तथा प्रौढ़ शिक्षा के लिए किया जाता है।)	1
III	C. कथन एवं कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है। (कठपुतली के नाच को देखने के लिए आज भी दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ती है।)	1
IV	• कठपुतली नृत्य का प्रदर्शन अब गाँव की चौपालों पर नहीं, बल्कि संग्रहालयों, कला मेलों और पाँच सितारा होटलों में भी होने लगा है।	2

	• आजकल साक्षरता, प्रौढ़ शिक्षा जैसे विषयों को भी कठपुतलियों के ज़रिए रोचक ढंग से पेश किया जाता है।	
V	• कठपुतली कला सरल भाषा और दृश्य प्रस्तुति के माध्यम से समाज की जटिल समस्याओं को सहज रूप में प्रस्तुत करती है। • पात्रों और कथानक के माध्यम से दर्शकों की भावनाएँ जुड़ती हैं, जिससे जागरूकता बढ़ती है। • यह कला सीधे आम लोगों से संवाद करती है, जिससे संदेश जल्दी समझ में आता है और प्रभाव गहरा पड़ता है। (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
2	गदयांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर:	7
I	(C) सुंदर एवं सुरुचिपूर्ण (टेराकोटा के सुन्दर रंगबिरंगे गमले नफ़ीस बगीचों में रखे जा सकते हैं।)	1
II	(B) इसमें मिट्टी को दूषित करने वाला रसायन नहीं होता। (माना जाता है कि कंपोस्ट सबसे बेहतर खाद है जिसमें मिट्टी को दूषित करने वाला रसायन नहीं होता।)	1
III	(D) कथन और कारण दोनों सही हैं पर कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है। (हर घर में जैविक कचरे की मात्रा से उसके कम्पोस्ट में बदलने का कोई सीधा संबंध नहीं है।)	1
IV	• जैविक कचरा कंपोस्ट खाद में बदल जाता है। • जिसमें मिट्टी को दूषित करने वाला रसायन नहीं होता। • पृथ्वी / पर्यावरण को दूषित होने से बचाता है।	2
V	• रसोई का जैविक कचरा लैंडफिल में जाने से बचता है, जिससे प्रदूषण कम होता है। • कचरा स्रोत पर ही उपयोग होने से कचरा प्रबंधन आसान बनता है। • यह आदत लोगों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाती है। (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
	खंड ख **(व्यवहारिक व्याकरण)**	16
3	पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित-:	4X1= 4
I	क्रिया पदबंध	1
II	तत्कालीन भद्र समाज ततॉंरा	1

III	समुद्री बालू पर बैठकर वह	1
IV	संज्ञा पदबंध	1
V	धीरे-धीरे मद्धम गति से	1
4	'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	4 x 1 = 4
I	गिन्नी के सोने में थोड़ा-सा ताँबा मिला है इसलिए वह ज्यादा चमकता है।	1
II	काम करने वाले लोगों को इंस्पेक्टर द्वारा सूचना दे दी गई थी।	1
III	यह हमारी फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी है कि उनमें लोक-तत्त्व का अभाव होता है।	1
IV	संयुक्त वाक्य	1
V	मिश्र वाक्य	1
5	'समास' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित:	4 x 1= 4
I	अन्न और जल- द्वंद्व समास	1
II	जनसेवक- तत्पुरुष समास	1
III	मरण तक - अव्ययीभाव समास	1
IV	पूर्व पद – सूक्ति उत्तर पद – बाण भेद - कर्मधारय समास	1
V	पीला है अंबर जिसका अर्थात विष्णु – बहुव्रीहि समास पीला है जो अंबर – कर्मधारय समास (किसी भी एक उत्तर को स्वीकार किया जाए।)	1
6	'मुहावरे' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	4 × 1 = 4
I	मुहावरा - टोपी उछालना	1
II	पूर्ण शांति होना अर्थ स्पष्ट करते हुए मुहावरे का वाक्य प्रयोग।	1
III	युद्ध या संघर्ष के लिए तैयार हो जाना। वाक्य - अन्याय होते देख सैनिकों ने अत्याचारियों के विरुद्ध तलवार खींच ली। (मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करता हुआ कोई भी वाक्य प्रयोग स्वीकार्य)	1
IV	सिर पर कफ़न बाँधकर	1
V	हाथ-पाँव फूल गए/तोते उड़ गए/प्राण सूख गए/होश उड़ गए	1
	खंड 'ग' **(('स्पर्श' एवं 'संचयन' पाठ्यपुस्तक के आधार पर))**	28
7	काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	5 × 1= 5
I	(D) राष्ट्रीय चेतना को प्रतीकों के माध्यम से व्यक्त करने के लिए (रामायण के पात्रों से आम लोग परिचित हैं और प्रेरणा लेते हैं।)	1

II	(B) शत्रु देश के लिए (रावण एक ऐसा खल पात्र है जो शत्रु चरित्र का परिचायक है।)	1
III	(D) हमें देश की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए (सभी उदाहरण देश की रक्षा की ओर इशारा करते हैं।)	1
IV	(B) कथन (iii) और (iv) सही हैं। (यहाँ सीता के रूप में राष्ट्र को दर्शाया गया है और रावण के रूप में शत्रु को। प्रत्येक जन को राम और लक्ष्मण बताते हुए देश रक्षा की प्रेरणा दी गई है।)	1
V	(C) कथन और कारण दोनों सही हैं | (देश की सुरक्षा के लिए बलिदान)	1
8	किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में अपेक्षित :	3 × 2 = 6
I	• संसार को 'सुखिया' इसलिए कहते हैं क्योंकि लोग माया, मोह और भोग-विलास में डूबे रहते हैं। • कबीर ने संसार के लोगों को सुखिया कहा है। • माया-मोह और भोग-विलास में डूबे सांसारिक लोगों को दुःख का बोध नहीं। • कबीर ने स्वयं को 'दुखिया' कहा है क्योंकि वे जागृत और सचेत हैं। • दूसरों को अज्ञान में सुखी देखकर और सत्य से दूर जाते देखकर कबीर को पीड़ा होती है। (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
II	• मनुष्य को अपने भाई की तरह समझना • मनुष्यता ही विवेक की पहचान • दुःख-सुख में एक दूसरे के साथ खड़े रहना • सहयोग और परोपकार की भावना (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
III	• शक्ति और सत्ता स्थायी नहीं रहती। • जनता पर शासन और शोषण से शासक की पहचान नहीं। • क्रूर और हिंसक सत्ता का नाश होना तय। • सत्ता से हटने पर शासक की हास्यास्पद स्थिति (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
IV	• वर्षा से पहले पर्वत प्रदेश शांत और निर्मल दिखाई देना • आकाश स्वच्छ, हल्की धूप और शीतल हवा • चारों ओर हरियाली का दृश्य	2

	• वातावरण में एक मधुर प्रतीक्षा और सौंदर्यपूर्ण स्थिरता (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	
9	गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर अपेक्षित :	5 × 1 = 5
I	(C) उनकी रचनाओं में जीवन-मूल्य पिरोए रहते थे (वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए भी धन लिप्सा से दूर थे।)	1
II	(B) दुःख को जीवन सापेक्ष प्रस्तुत करना ('तीसरी कसम' की यह खास बात थी कि वह दुःख को भी सहज स्थिति में, जीवन-सापेक्ष प्रस्तुत करती है।)	1
III	(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है। (उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।)	1
IV	(D) कथन (ii) और (iv) सही हैं। (उनके गीतों में जूझने का संकेत था और वह प्रक्रिया मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है।)	1
V	(D) करुणा के साथ संघर्ष और आगे बढ़ने की प्रेरणा के रूप में (शैलेंद्र के गीतों में करुणा, जूझने का संकेत, और मंज़िल पर पहुँचने की प्रक्रिया भी थी।)	1
10	किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में अपेक्षित :	3 × 2 = 6
I	• मैं अनुशासन/समय का सदुपयोग के गुण को अपने जीवन में अपनाना चाहूँगा/चाहूँगी। • बड़े भाई साहब समय का सदुपयोग करने और नियमित अध्ययन पर जोर देते हैं। • अनुशासन से लक्ष्य तय करना और उन्हें पाने के लिए निरंतर प्रयास करना आसान होता है। • इससे आलस्य दूर होता है और कार्य करने की आदत बनती है। • इसलिए अनुशासन अपनाकर जीवन को सही दिशा दी जा सकती है। (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
II	• बंगाल की जनता द्वारा अंग्रेज़ी शासन के अत्याचारों का साहसपूर्वक सामना करना	2

	• दमन और गोलियों के भय के बावजूद लोगों का आंदोलन में डटे रहना • आम नागरिकों का भी संघर्ष में सक्रिय भागीदारी निभाना (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	
III	• आदर्श की तुलना सोने से तथा व्यावहारिकता की तुलना तांबे से किया जाना। • गाँधी जी द्वारा आदर्शों को व्यावहारिकता के स्तर पर उतरने नहीं देना। • उनका व्यावहारिकता को आदर्शों के स्तर तक ऊँचा ले जाना। (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
IV	• लोगों के जीवन में अत्यधिक व्यस्तता का होना • लोगों में संवेदना और अपनापन का कम होना • भौतिक सुखों की चाह में मानवीय भावनाओं की उपेक्षा • समाज में आपसी जुड़ाव का कम होना (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
11	किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में अपेक्षित ::	2 × 3 = 6
I	• 'टोपी' का परिवार में होते हुए भी अकेलापन और उपेक्षा महसूस करना। • परिवार का स्नेह न मिलने से वह भावनात्मक रूप से असुरक्षित हो होना। • 'हरिहर काका' को परिवार द्वारा केवल संपत्ति के कारण महत्व देना, एक व्यक्ति के रूप में नहीं। • उनके मन में अविश्वास, भय और असुरक्षा की भावना पैदा होना। • परिवार की उपेक्षा के कारण दोनों के मानसिक संतुलन और आत्मसम्मान को गहरी चोट पहुँचना। (केवल तीन बिंदु अपेक्षित, अन्य तर्कपूर्ण बिंदु भी स्वीकार्य)	3
II	• पीटी सर विद्यार्थियों में अनुशासन बनाए रखने के लिए कठोर नियमों का पालन करना। • डर के कारण विद्यार्थियों का आत्मविश्वास प्रभावित होना। • उनके तरीकों में शारीरिक दंड का संकेत मिलना, जो आज के समय में स्वीकार्य नहीं। • वर्तमान शिक्षा में संवाद, प्रेरणा और सकारात्मक अनुशासन पर जोर। • पीटी सर की अनुशासनप्रियता उचित लेकिन उनके कठोर उपाय आज पूर्णतः स्वीकार्य नहीं। (केवल तीन बिंदु अपेक्षित, अन्य तर्कपूर्ण बिंदु भी स्वीकार्य)	3
III	• परिवार सबसे अधिक जिम्मेदार। परिवार की भूमिका सबसे अधिक नकारात्मक रही।	3

	• परिवार द्वारा काका को स्नेह और सहयोग नहीं दिया गया। • परिवार के सदस्य केवल उनकी संपत्ति पर अधिकार चाहते थे। • धार्मिक संस्थान ने भी उन्हें डर और अंधविश्वास में बाँधे रखा। • समाज ने मूकदर्शक बनकर अन्याय को बढ़ावा दिया। (केवल तीन बिंदु अपेक्षित)	
	खंड घ **रचनात्मक लेखन**	22
12	तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर **लगभग 120 शब्दों में** अनुच्छेद लिखिए: **<u>अनुच्छेद लेखन</u>** • आरंभ 1 अंक • विषयवस्तु 3 अंक • भाषा शुद्धता 1 अंक	1X5=5
13	किसी एक विषय पर **लगभग 100 शब्दों** में पत्र लिखिए **<u>पत्र-लेखन</u>** • प्रारूप (प्रारंभ और अंत की औपचारिकताएँ) 1 अंक • विषयवस्तु 3 अंक • भाषा शुद्धता 1 अंक	1X5=5
14	किसी एक विषय पर **लगभग 60 शब्दों में** सूचना लिखिए : **<u>सूचना लेखन</u>** • प्रारूप - 1 अंक • विषयवस्तु – 2 अंक • भाषा शुद्धता – 1 अंक	1X4=4
15	किसी एक विषय पर **लगभग 40 शब्दों में** विज्ञापन अपेक्षित : **<u>विज्ञापन लेखन</u>** • रचनात्मक प्रस्तुति 1 अंक • विषयवस्तु 1 अंक • भाषा शुद्धता 1 अंक	1X3=3
16	(I) दिए गए विषय पर लगभग 80 शब्दों में ई-मेल अपेक्षित : **<u>ई-मेल</u>** प्रारूप – 1 अंक	1X5=5

	विषयवस्तु – 3 अंक भाषा शुद्धता – 1 अंक **अथवा** (II) लगभग 100 शब्दों में लघु कथा लेखन अपेक्षित- **<u>लघु कथा लेखन</u>** प्रस्तुति – 1 अंक विषयवस्तु – 3 अंक भाषा शुद्धता – 1 अंक	

हिन्दी पाठ्यक्रम-ब (कोड 085)
प्रतिदर्श प्रश्नपत्र*
कक्षा-दसवीं (2025-26)

निर्धारित समय: 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश :
निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क,ख,ग,घ ।
(ii) इस प्रश्नपत्र में कुल 16 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(iii) प्रश्नपत्र में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं ।
(iv) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

	खंड – क (अपठित बोध)	14
1	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : कार्य करने की क्षमता को योग्यता कहते हैं।यह सभी जीवों में किसी न किसी रूप में अवश्य विद्यमान रहती है। यही व्यक्ति की कार्य क्षमता का प्रमाण होती है। विविध शैक्षिक संसाधनों के माध्यम से इसे अर्जित और विस्तारित किया जा सकता है।सामाजिक उत्थान और देश की प्रगति के लिए योग्य एवं ईमानदार नागरिकों की आवश्यकता होती है। इस हेतु उत्कृष्ट शैक्षिक योजना का क्रियान्वयन आवश्यक है। शिक्षा व्यक्ति में गुणवत्ता का आद्यान कर योग्यता का निर्धारण करती है। पारिवारिक पृष्ठभूमि उसे मजबूत आधार प्रदान करती है।बच्चे में इसके प्रकटीकरण का आभास सर्वप्रथम माता-पिता को होता है। वही उसकी योग्यता को परखकर तद्नुरूप उत्तरदायित्व सौंपने के लिए उत्तरदायी होते हैं।इससे कार्य के प्रति निष्ठा जागृत होती है और कार्य सिद्धि अवश्यंभावी हो जाती है अन्यथा असफल होने पर जीवन में अवसाद का प्रवेश होता है,जिससे होने वाली सामाजिक एवं राष्ट्रीय क्षति का अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता। महाराज दशरथ और रानी कैकेयी इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं।जहाँ महाराज दशरथ राम को अवध का राज्य देना चाहते है, वहीं कैकेयी राम एवं भरत दोनों की योग्यताओं को पहचानती हैं।उन्हें सम्यक ज्ञान था कि भरत में भी अयोध्या का राज्य सँभालने की योग्यता है, किंतु राम अधर्मी राक्षसों का संहार कर संपूर्ण जगत का मंगल कर सकते हैं । इसीलिए दुनिया में होने वाली अपकीर्ति की परवाह न करके भी भरत के लिए अवध का राज्य तथा राम के लिए वनवास की याचना की। अतः संतान को जन्म देना ही माता-पिता का कर्तव्य नहीं है । योग्य नागरिक बनाकर योग्यतानुसार राष्ट्र-निर्माण में नियोजित करना उससे बड़ा दायित्व है । (दैनिक जागरण)	7
(क)	व्यक्ति की कार्यक्षमता का प्रमाण होता है – (i) शक्ति	1

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

	(ii) योग्यता (iii) शिक्षा (iv) कौशल	
(ख)	उत्कृष्ट शैक्षिक योजना की आवश्यकता क्यों होती है ? (i) संसाधन के विकास हेतु (ii) शिक्षा के प्रसार हेतु (iii) व्यक्तित्व निर्माण हेतु (iv) योग्यता निर्धारण हेतु	1
(ग)	निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए : कथन : कैकेयी महाराज दशरथ से अधिक बुद्धिमान थी । कारण : वह राम और भरत की योग्यताओं को अच्छी तरह जानती थी । (i) कथन सही है लेकिन कारण ग़लत है । (ii) कथन और कारण दोनों सही है । (iii) कथन ग़लत है और कारण सही है । (iv) कथन और कारण दोनों गलत है ।	1
(घ)	देश की प्रगति के लिए योग्य एवं ईमानदार नागरिकों की आवश्यकता क्यों होती है ?	2
(ङ)	महाराज दशरथ और रानी कैकेयी के उदाहरण से आप क्या समझते हैं ?	2
2	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : दीप प्रज्ज्वलन आदि संस्कृतियों का अभिन्न अंग रहा है । धार्मिक अनुष्ठान किसी भी पंथ का अंग रहा है। धार्मिक अनुष्ठान किसी भी पंथ का हो, दीप प्रज्वलन के बिना आज भी संपन्न नहीं माना जाता। दीपावली और गुरुनानक जयंती, हमारे दो प्रमुख दीप पर्व हैं। जगमगाते आवासीय और कार्य परिसर जनमानस के हर्षोल्लास की अभिव्यक्ति देते हैं, उनमें आशा एवं उत्साह का संचार करते हैं। आवासीय, शैक्षिक, औदयोगिक भवन यहां तक कि नाभिकीय संयंत्र का शिलान्यास या किसी भी कोटि की संगोष्ठी का उद्घाटन हम अनिवार्यतः दीया जला कर करते हैं। प्रज्वलित दीप से परिवेश की नकारात्मकता निराकृत होती है, वातावरण शुद्ध होता है, दैविक शक्तियों का आगमन आसान होता है। अधिसंख्य व्यक्ति क्लेश, विवाद और भ्रांतियों से इसलिए त्रस्त हैं, चूंकि उन्हें जीवन के परम उद्देश्य और इसकी अधिप्राप्ति के आवश्यक साधनों और विधियों का ज्ञान नहीं है। उद्देश्य की स्पष्टता से सुसंगत सोच और उसी अनुरूप संगत निर्मित करेंगे तो अभीष्ट की प्राप्ति आवश्यक होगी । प्रकाश ज्ञान और देवत्व का प्रतीक है । अंधकार कितना भी हो, एक जलते दिये से लुप्त हो जाता । अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने में दीपक की भूमिका निर्विवाद है। यह दीपक उस सद्बुदधि और विवेक का है, जो एक ओर व्यक्ति की प्रभु से निकटता स्थापित करता है और दूसरों को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आवरण धोखा दे सकता है। बाह्य चमक-दमक और लीपापोती की आतुरता में अंतःकरण की उपेक्षा हो सकती है। अपने मूल दैनिक रूप की पहचानें निखारते रहें, तो जीवन सार्थक हो जाएगा। – (दैनिक जागरण)	7

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

(क)	अंधकार को किसके समान बताया गया है?	1
	(i)मूर्खता	
	(ii) अज्ञान	
	(iii) क्लेश	
	(iv) निराशा	
(ख)	प्रकाश को देवत्व का प्रतीक क्यों कहा गया है ?	1
	(i)प्रकाश फैलाने से	
	(ii)सद्बुद्धि के प्रसार से	
	(iii)अंधकार को दूर करने से	
	(iv)भगवान की आरती करने से	
(ग)	निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए : कथन : किसी भी संगोष्ठी का उद्घाटन दीया जला कर होता है । कारण : दीप प्रज्ज्वलन से वक्ता में आशा और उत्साह का संचार होता है। (i) कथन सही है लेकिन कारण ग़लत है । (ii) कथन और कारण दोनों सही है । (iii) कथन ग़लत है और कारण सही है । (iv) कथन और कारण दोनों गलत है ।	1
(घ)	जीवन की सार्थकता से आप क्या समझते हैं?	2
(ङ)	दीपक की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।	2
	खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)	16
3	पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार प्रश्नों</u>** के उत्तर लिखिए	4x1=4
(क)	'सर्वनाम पदबंध' का प्रयोग करते हुए एक वाक्य बनाइए ।	
(ख)	यह लड़का हमेशा कोई न कोई शरारत <u>करता रहता है</u>। रेखांकित का पदबंध बताइए?	
(ग)	क्रिया विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए?	
(घ)	<u>तलवार की सीधमें धरती</u> फटती ही जा रही थी - वाक्य में रेखांकित पदबंध की पहचान कीजिए।	
(ङ)	पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था - पंक्ति में प्रयुक्त विशेषण पदबंध को चुनकर लिखिए ?	
4	रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार प्रश्नों</u>** के उत्तर लिखिए -	4x1=4
(क)	मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े थे लेकिन केवल तीन दरजे आगे । वाक्य का भेद लिखिए	
(ख)	फिर सालाना इम्तिहान हुआ और कुछ ऐसा संयोग हुआ कि मैं फिर पास हुआ- वाक्य भेद लिखिए ।	
(ग)	जब अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तब पुलिस ने उनको पकड़ लिया। संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।	

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

(घ)	जो बात उनकी ज़िंदगी में थी वहीं उनके गीतों में थी। यह मिश्र वाक्य कैसे है ?	
(ङ)	सरल वाक्य का एक उदाहरण लिखकर उसे स्पष्ट भी कीजिए ?	
5	समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार प्रश्नों</u>** के उत्तर लिखिए –	4x1=4
(क)	राम भी तुम, तुम ही लक्ष्मण साथियों – पंक्ति में प्रयुक्त राम, लक्ष्मण से सामासिक पद बनाकर भेद लिखिए।	
(ख)	'करुणाकर' सामासिक पद में प्रयुक्त पूर्व पद और उत्तर पद अलग कर समास का नाम लिखिए।	
(ग)	'अनाथ' का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए।	
(घ)	कर्मधारय समास के किसी एक उदाहरण का वाक्य प्रयोग कीजिए।	
(ङ)	'त्रिभुज' का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए।	
6	'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार प्रश्नों</u>** के उत्तर लिखिए –	4x1=4
(क)	भाई साहब का रूद्र-रूप देखकर ------- जाते। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान को भरिए)	
(ख)	'हक्का-बक्का रह जाना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।	
(ग)	'आँखों में धूल झोंकना' तथा 'आँखों में बसाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।	
(घ)	फिल्म की संवेदना किसी दो से चार बनाने का गणित जानने वाले की समझ से परे थी । पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्म में प्रयोग कीजिए?	
(ङ)	गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी ------- लगा । उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की मूर्ति कीजिए ।	
	खंड – ग (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)	28
7	निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : बाइबिल और दूसरे पावन ग्रंथों में नूह नाम के एक पैगंबर का ज़िक्र मिलता है। उनका असली नाम लशकर था, लेकिन अरब ने उनको नूह के लकब से याद किया है। वह इसलिए कि आप सारी उम्र रोते रहे। इसका कारण एक ज़ख्मी कुत्ता था। नूह के सामने से एक बार एक घायल कुत्ता गुज़रा। नूह ने उसे दुत्कारों हुए कहा, 'दूर हो जा गंदे कुत्ते । 'इस्लाम में कुत्तों को गंदा समझा जाता है। कुते ने उनकी दुत्कार सुनकर जवाब दिया..--' न मैं अपनी मर्जी से कुत्ता हूँ, न तुम अपनी पसंद से इनसान हो। बनाने वाला सबका तो वही एक है।	5x1=5
(क)	'बाइबिल' को किस प्रकार का ग्रंथ माना जाता है? (i) पावन (ii)धार्मिक (iii) नीति (iv)न्याय	
(ख)	'अरब ने उनको नूह के लकब से याद किया है ।' इस पंक्ति में 'लकब' का क्या अर्थ है ? (i)नाम (ii)पदवी (iii)पैगंबर	

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

	(iv)ग्रंथ	
(ग)	पैगंबर से आप क्या समझते हैं? (i)धर्मगुरु (ii) धर्मसेवी (iii) धार्मिक (iv)धर्मप्रवर्तक	
(घ)	लशकर को नूह के नाम से क्यों याद करते हैं? (i) पाश्चाताप करने के कारण (ii) गलती का अहसास करने के कारण (iii) अफसोस में रोते रहने के कारण (iv) कुत्ते से नफरत करने के कारण	
(ङ)	निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए : कथन – न मैं अपनी मर्जी से कुता हूँ, न तुम अपनी पसंद से इनसान हो। कारण – सबको बनाने वाला एक मात्र ईश्वर है। विकल्प – (i)कथन तथा कारण दोनों गलत हैं । (ii)कथन तथा कारण दोनों सही हैं । (iii)कथन गलत है तथा कारण सही है । (iv) कथन सही है तथा कारण गलत है।	
8	निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **<u>किन्हीं तीन प्रश्नों</u>** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए :	3x2=6
(क)	बड़े भाई साहब के व्यक्तित्व की विशेषताओं के बारे में लिखिए।	
(ख)	26 जनवरी 1931 के दिन को अपूर्व दिन क्यों कहा गया है ? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए ।	
(ग)	तताँरा से निकोबारियों के प्रेम करने के कारणों को स्पष्ट कीजिए?	
(घ)	शैलेन्द्र कवि नहीं गीतकार थे, कैसे?	
9	निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश, पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश । मेखलाकार पर्वत अपार अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़, अवलोक रहा है बार-बार नीचे जल में निज महाकार, - जिसके चरणों में पला ताल दर्पण-सा फैला है विशाल ।	5x1=5
(क)	काव्यांश में किस ऋतु की बात की गई है? (i) वर्षा (ii) ग्रीष्म	

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

	(iii) शरद (iv)शीत	
(ख)	तालाब की तुलना दर्पण से क्यों की गई है ? (i)विशाल होने से (ii) बड़ा होने से (iii) साफ़ और स्थिर होने से (iv) पारदर्शी होने से	
(ग)	प्रकृति के स्वरूप में पल-पल परिवर्तन क्यों हो रहा है ? (i) बादल के कारण (ii) वर्षा के कारण (iii) धूप के कारण (iv) वर्षा ऋतु के कारण	
(घ)	पर्वत बार-बार अपने को क्यों देख रहा है? (i) सुंदर होने से (ii)फूल खिलने से (iii) अविश्वास के कारण (iv)उत्साहित होने से	
(ङ)	निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए : कथन : पर्वत अपने रूप पर मुग्ध हो रहा है। कारण : नीचे जमे जल में स्वरूप दिखाई दे रहा है। विकल्प (i)कथन सही है, किंतु कारण गलत है । (ii)कथन गलत है, किंतु कारण सही है । (iii)कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है । (iv)कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।	
10	निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **<u>किन्हीं तीन प्रश्नों</u>** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए :	3x2=6
(क)	मीरा कृष्ण का चाकर क्यों बनना चाहती है ?	
(ख)	कंपनी बाग में रखी तोप सैलानियों से क्या कहती है ?	
(ग)	कवि कैफ़ी आज़मी ने जिन्दा रहने के समय से मौत के क्षण को अधिक महत्वपूर्ण क्यों माना है ?	
(घ)	'आत्मत्राण' कविता एक अलग भाव की कविता है, कैसे ?	
11	पूरक पाठ्य पुस्तक 'संचयन' के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **<u>किन्हीं दो प्रश्नों</u>** के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए :	2x3=6
(क)	'दोस्ती के लिए समान उम्र का होना आवश्यक नहीं होता'- इस कथन के पक्ष में 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर विचार व्यक्त कीजिए ।	
(ख)	बच्चों की पढ़ाई को लेकर अभिभावक उदासीन थे - 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर कथन की समीक्षा कीजिए ?	
(ग)	'टोपी शुक्ला' की कहानी में इफ़्फ़न की कहानी को जानना क्यों आवश्यक है ?	

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

	खंड – घ (रचनात्मक लेखन)	22
12	निम्नलिखित तीन विषयों में से **<u>किसी एक</u>** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : (क) पंचायती चुनाव • पंचायत क्या है? • चुनाव की आवश्यकता एवं नाम? • ग्रामीण विकास में महत्त्व (ख) स्वास्थ्य और मोटा अनाज • स्वास्थ्य का महत्त्व • मोटा अनाज क्या है? • स्वस्थ रखने में भूमिका (ग) महानगर में स्वच्छ हवा का संकट • महानगर क्या है? • स्वच्छ हवा की आवश्यकता • स्वास्थ्य और जीवन पर प्रभाव	5x1=5
13	निम्नलिखित में से **<u>किसी एक</u>** विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक औपचारिक पत्र लिखिए –	5x1=5
(क)	आप भरत/भारती हैं। विद्यालय में 'भाषा क्लब' बनाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।	
(ख)	आप हरियाणा के रोहतक जिले के सामना गाँव के निवासी हैं। गाँव के लोग स्वच्छता के संदर्भ में सभा करने वाले हैं। इसकी जानकारी देते हुए किसी राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।	
14	निम्नलिखित में से **<u>किसी एक</u>** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए:	4x1=4
(क)	आप अनुभव/अनुभा हैं। आप अपने स्कूल के 'हिन्दी भाषा विकास मंच' के सचिव हैं। आपके स्कूल में अन्तर्विद्यालयी 'भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सभी विद्यार्थियों को सूचित करने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।	
(ख)	आप सर्वोदय सोसाइटी के सचिव हैं।आपकी सोसाइटी में एक सप्ताह तक गंगा जल की आपूर्ति बाधित रहेगी । इसकी जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए।	
15	निम्नलिखित में से **<u>किसी एक</u>** विषय पर लगभग 40 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए :	3x1=3
(क)	आपसे 'अवनी प्रकाशन' के प्रबंधक ने एक विज्ञापन बनाने के लिए आग्रह किया है। आप इस प्रकाशन के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।	
(ख)	एन.एच.-24 सड़क अब लाल बत्ती से मुक्त हो गई है। दिल्ली से मेरठ तक यात्रा बिना रुके पूरी की जा सकती है। आम जनता को इसकी जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।	
16	(क) मैं अपने घर की बालकनी में बैठा चाय पी रहा था कि अचानक तेज हवाएं चलने लगीं – -------- पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। अथवा (ख) आप कार्तिक / कृतिका हैं। आपको उच्च शिक्षा के लिए 'शिक्षा-लोन' की आवश्यकता	5x1=5

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

	है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में ई–मेल लिखकर लोनके लिए आवेदन कीजिए ?	

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

अंक योजना
प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2025-26)
हिन्दी (पाठ्यक्रम-ब)
कोड (085)
कक्षा-दसवीं

निर्धारित समय: 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश :

1. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है ।
2. अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं ।ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं ।
3. यदि परीक्षार्थी इन उत्तर बिन्दुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ ।
4. एक ही प्रकार की अशुद्धि पर बार-बार अंक न काटा जाए ।
5. मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है

प्रश्न	**उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु**	अंक और अंक विभाजन
	खंड – क (अपठित बोध)	14
1	गद्यांश पर आधारित पूछे गएप्रश्नों के अपेक्षित उत्तर –	7
(क)	(ii) योग्यता ।	1
(ख)	(iv)योग्यता निर्धारण हेतु ।	1
(ग)	(ii)कथन और कारण दोनों सही है ।	1
(घ)	• योग्यता से कौशल का विकास । • ईमानदारी से आर्थिक बचत, काम में रफ्तार । • देश के प्रति लगाव एवं कार्य करने से देश का विकास । (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
(ङ)	• योग्यता की परख में सावधानी बरतने के लिए । • निर्णय भावनाओं से नहीं बुद्धि से । • कार्य क्षमता को समझकर ज़िम्मेवारी देना । (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
2	गद्यांश पर आधारित पूछे गएप्रश्नों के अपेक्षित उत्तर :	7
(क)	(ii)अज्ञान ।	1
(ख)	(i)प्रकाश फैलाने से ।	1
(ग)	(i)कथन सही है लेकिन कारण ग़लत है ।	1
(घ)	• अंतःकरण को पवित्र, निर्मल रखना । • अपने गुणों को निखारकर राष्ट्र के विकास में योगदान देना । • आवरण से मुक्त रहकर सृजनात्मक कार्यों में संलग्न होना ।	2

	(केवल दो बिंदु अपेक्षित)	
(ङ)	• दीपक ज्ञान और प्रकाश का प्रतीक । • सद्‌बुद्धि और विवेक का । • आत्मिक विकास के लिए । (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
	खंड – ख (व्यावहारिक व्याकरण)	16
3	पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार प्रश्नों</u>** के उत्तर अपेक्षित –	4x1=4
(क)	सर्वनाम पदबंध का कोई भी वाक्य स्वीकार्य । जैसे : <u>हर मैच जीतने वाले तुम</u> इस बार हार कैसे गए ।	1
(ख)	क्रिया पदबंध ।	1
(ग)	पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें <u>शनैः शनैः</u> क्षीण होने को थीं ।	1
(घ)	संज्ञा पदबंध	1
(ङ)	सुंदर और शक्तिशाली	1
4	रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार प्रश्नों</u>** के उत्तरअपेक्षित –	4x1=4
(क)	संयुक्त वाक्य	1
(ख)	मिश्र वाक्य	1
(ग)	अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा और पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया ।	1
(घ)	प्रधान उपवाक्य – वहीं उनके गीतों में थी आश्रित उपवाक्य – जो बात उनकी ज़िंदगी में थी	1
(ङ)	कोई भी उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य ।	1
5	समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार प्रश्नों</u>** के उत्तर अपेक्षित –	4x1=4
(क)	राम-लक्ष्मण राम और लक्ष्मण द्वंद्व समास	1
(ख)	पूर्व पद – करुणा उत्तर पद – कर विग्रह – करुणा करने वाला अर्थात ईश्वर - बहुब्रीहि समास	1
(ग)	जिसका नाथ न हो – अव्ययीभाव समास	1
(घ)	कर्मधारय समास का कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य ।	1
(ङ)	तीन भुजाओं का समाहार – द्विगु समास ।	1
6	'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार प्रश्नों</u>** के उत्तर अपेक्षित –	4x1=4
(क)	प्राण सूख	1
(ख)	वजीर अली के जाने के बाद कर्नल हक्का-बक्का रह गया । अन्य उपयुक्त वाक्य भी स्वीकार्य ।	1
(ग)	'आँखों में धूल झोंकना' = धोखा देना 'आँखों में बसाना' = अत्यधिक स्नेह करना	1
(घ)	दो से चार बनाना = अत्यधिक मुनाफ़ा कमाना । मुहावरे के साथ प्रयुक्त कोई भी वाक्य स्वीकार	1

(ङ)	सुध-बुध खोने लगना ।	1
	खंड – ग (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)	28
7	निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त अपेक्षित उत्तर –	5x1=5
(क)	(i) पावन	1
(ख)	(ii) पदवी	1
(ग)	(i) धर्मगुरु	1
(घ)	(iii)अफसोस में रोते रहने के कारण	1
(ङ)	(ii)कथन तथा कारण दोनों सही हैं ।	1
8	निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **<u>किन्हीं तीन प्रश्नों</u>** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में अपेक्षित :	3x2=6
(क)	• अध्ययनशील स्वभाव • परिवार और छोटे भाई के लिए चिंतित • भाई की शिक्षा तथा सजग परिवेश के प्रति सजग (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
(ख)	• कोलकाता में दूसरे स्वतंत्रता दिवस का आयोजन • प्रायः सभी मकानों पर राष्ट्रीय ध्वज काफहराना • चारों ओर उत्सव का माहौल (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
(ग)	• तताँरा एक नेक और मददगार • दूसरों की सहायता के लिए तत्पर • व्यक्तित्व आकर्षक तथा आत्मीय स्वभाव (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
(घ)	• गीतकार में धन के प्रति आकर्षण • कवि धन-लिप्सा से मुक्त • गीत और जिन्दगी में सरोकार का अभाव • कविता में करुणा तथा जूझने का संकेत (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
9	निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त अपेक्षित उत्तर –	5x1=5
(क)	(i)वर्षा	1
(ख)	(iii)साफ़ और स्थिर होने से	1
(ग)	(iv)वर्षा ऋतु के कारण	1
(घ)	(iv)उत्साहित होने से	1
(ङ)	(iii)कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है ।	1
10	निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **<u>किन्हीं तीन प्रश्नों</u>** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में अपेक्षित :	3x2=6
(क)	• कृष्ण का सानिध्य चाहना • रोज सुबह दर्शन करना	2

	• कृष्ण भक्ति में रमे रहना (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	
(ख)	• अपनी वीरता का बखान • अपनी ताकत के बारे में बताती है • अपने समय में वीरों के धज्जे उड़ाए • शासकों का साथ दिया (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
(ग)	• मौत का क्षण बार-बार नहीं आता • मृत्यु के मौके जीवन में कव आए निश्चित नहीं • जीने का समय रोज होना (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
(घ)	• अन्य प्रार्थना गीतों से अलग • ईश्वर से कष्टों को दूर करने का निवेदननहीं करना • कष्टों को जीतने की शक्ति और सामर्थ्य की इच्छा (केवल दो बिंदु अपेक्षित)	2
11	पूरक पाठ्य पुस्तक 'संचयन' के निर्धारित पाठों पर आधारित तीन प्रश्नों में से **<u>किन्हीं दो प्रश्नों</u>** के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में अपेक्षित-	2x3=6
(क)	• दोस्ती के व्यावहारिक और वैचारिक कारण • काका का पड़ोस में रहना तथा बचपन से ही लेखक को दुलार करना • आपस में खुलकर बात करना • आपसी प्रेम, स्नेह और सहयोग आदि।	3
(ख)	• अधिकांश अभिभावक निम्न मध्यवर्ग से • शिक्षा को रोजगार से देखना • जीवन में शिक्षा के महत्व को नहीं समझना	3
(ग)	• टोपी इफ़्फ़न का पहला मित्र • टोपी की कहानी में इफ़्फ़न का बार-बार आना • दोनों की घरेलू परम्पराएँ तथा जीवन के बारे में अलग-अलग सोच होते हुए भी अटूट रिश्ता	3
	खंड - घ (रचनात्मक लेखन)	22
12	तीन विषयों में से **<u>किसी एक</u>** विषय के संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद अपेक्षित : <u>अनुच्छेद लेखन</u> • विषयवस्तु 3 अंक • भाषा शुद्धता 1 अंक • प्रस्तुति 1 अंक	5x1=5
13	**<u>किसी एक</u>** विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक औपचारिक पत्र लेखन अपेक्षित- • प्रारूप (प्रारंभ और अंत की औपचारिकताएँ) 1 अंक • विषयवस्तु 3 अंक	5x1=5

	• भाषा शुद्धता 1 अंक	
14	**<u>किसी एक</u>** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन अपेक्षित– • प्रारूप 1 अंक • विषयवस्तु 2 अंक • भाषा शुद्धता 1 अंक	4x1=4
15	**<u>किसी एक</u>**विषय पर लगभग 40 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन लेखन अपेक्षित– • रचनात्मक प्रस्तुति 1 अंक • विषयवस्तु 1 अंक • भाषा शुद्धता 1 अंक	3x1=3
16	(क) लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लेखन अपेक्षित– • प्रस्तुति 1 अंक • विषयवस्तु 3 अंक • भाषा शुद्धता 1 अंक **<u>अथवा</u>** (ख) लगभग 80 शब्दों में ई–मेल लेखन अपेक्षित • प्रारूप 1 अंक • विषयवस्तु 3 अंक • भाषा शुद्धता 1 अंक	5x1=5

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2024-25

कक्षा-दसवीं हिन्दी-ब (कोड 085)

निर्धारित समय: 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश-

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गदयांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

प्रश्न सं.	खंड-क (अपठित बोध)	अंक
1.	निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-	7
	दुनिया में इस समय दिन दूनी, रात चौगुनी गति से प्रगति हो रही है। कुछ समय पहले तक असंभव सी लगने वाली चीज़ें आज प्रौद्योगिकी की मदद से सरलता से परिणाम तक पहुँच रही हैं। एक समय संगणक के विकास ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया था। अब कृत्रिम बौद्धिकता ने चिकित्सा से लेकर हथियारों के निर्माण तक हर क्षेत्र में कंप्यूटर और रोबोट के प्रयोग को नया आयाम दिया है। पारंपरिक कंप्यूटर की दुनिया में इस प्रगति के समानांतर एक और अनुसंधान चल रहा है, जिसका नाम है 'क्वांटम कंप्यूटिंग' यानि अति-सूक्ष्मता का विज्ञान। भारत ने भी अब इस क्षेत्र में गति लाने का ऐलान कर दिया है। भौतिक-शास्त्र के क्वांटम सिद्धांत पर काम करने वाली इस कंप्यूटिंग में असीमित संभावनाएं देखी जा रही हैं। शोध के लिहाज से यह विषय किसी के लिए भी रुचि का विषय हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार एक पूर्ण विकसित क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता सुपर कंप्यूटर से भी ज्यादा आँकी जा रही है। इस क्वांटम कंप्यूटिंग या मेकैनिक्स	

	की खास बात यह है कि इसकी शुरुआत के बाद भारतीय और पश्चिमी वैज्ञानिक यह मान रहे हैं कि भारतीय भाववादी सिद्धांत को जाने बिना कण में चेतना का आकलन नहीं किया जा सकता। क्वांटम भौतिकी और कृत्रिम बौद्धिकता एक तरह से चेतना के भाववादी सिद्धांत को ही अस्तित्व में लाने के उपाय हैं।	
(क)	उपर्युक्त गदयांश किस विषयवस्तु आधारित है ? i. कृत्रिम बौद्धिकता पर ii. दुनिया के विकास पर iii. संगणक के प्रयोग पर iv. मानव अस्तित्व पर	1
(ख)	दिन दूनी, रात चौगुनी गति से प्रगति हो रही है- पंक्ति से आशय है ? i. बहुत ही तेजी से विकास ii. रात दिन काम करना iii. चारों तरफ विकास होना iv. बहुत अधिक विकास होना	1
(ग)	निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए – कथन – क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता सुपर कंप्यूटर से भी अधिक है। निष्कर्ष – इससे विकास की गति को अधिक बल मिलेगा । i. कथन सही है लेकिन निष्कर्ष गलत है। ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं। iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है। iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।	1
(घ)	जीवन को सरल बनाने में प्रोद्योगिकी की भूमिका को स्पष्ट कीजिए	2
(ङ)	अति-सूक्ष्मता का विज्ञान क्या है?	2
2.	सूरज हमारी ऊर्जा की सारी कमियों को पूरा कर सकता है। यह एक विशाल रिएक्टर जैसा है। वैज्ञानिकों का प्रयास है कि कृत्रिम सूरज को धरती पर बनाया जाए। इसके लिए ये फ्यूजन तकनीक पर काम कर रहे हैं। सूर्य की चमक इन्सानों के लिए हजारों साल से आश्चर्य की वजह रही है। लेकिन करीब सौ साल पहले नई खोज द्वारा पता चला कि सूर्य की बेशुमार ऊर्जा का कारण न्यूक्लियर फ्यूजन है। फिर वैज्ञानिकों ने सोचा कि अगर धरती पर उसी तरह का फ्यूजन कराया जाए जो सूर्य में हो रहा है तो बहुत कुछ बदल जाएगा और लोगों को	7

	बेशुमार ऊर्जा मिल जाएगी। आज दुनिया के सबसे बड़े न्यूक्लियर फ्यूजन रिएक्टर में ईंधन परीक्षण को शुरू कर दिया गया है। वैज्ञानिकों की एक टीम फ्रांस में फ्यूजन रिएक्टर को ताकत देने के लिए हयड्रोजन के एक अत्यंत दुर्लभ रूप की क्षमता का परीक्षण कर रहे हैं। अगर उनका यह परीक्षण सफल होता है तो इससे दुनिया को क्लीन एनर्जी का एक बहुत बड़ा जरिया मिल जाएगा। इससे न केवल जीवाश्म इंधनों पर निर्भरता घटेगी, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ होगा। न्यूक्लियर फ्यूजन लंबे समय तक वातावरण में मौजूद रहने वाले रेडियोधर्मी अपशिष्ट उत्पन्न नहीं करता। यह अक्षय ऊर्जा से भी अधिक विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत है। नाभिकीय संलयन द्वारा उत्पन्न ऊर्जा मानवजाति की लंबे समय से चली आ रही खोजों में सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह तुलनात्मक रूप से काफी स्वच्छ है। अर्थात यह कम कार्बन का उत्सर्जन करती है, साथ ही यह तकनीकी दक्षता के साथ सौ फीसदी स्वच्छ भी है ।	
(क)	उपर्युक्त गदयांश की विषय-वस्तु है ? i. सौर ऊर्जा ii. स्वच्छ ऊर्जा iii. नाभिकीय ऊर्जा iv. रेडियोधर्मी ऊर्जा	1
(ख)	निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए: कथन (A) – न्यूक्लियर फ्यूजन सौर ऊर्जा से भी विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत है । कारण (R) – इससे दुनिया को स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त होगी। i. कथन (A) सही है,कारण (R)गलत है ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं। iii. कथन (A) सही है , और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है। iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।	1
(ग)	वैज्ञानिकों द्वारा कृत्रिम सूरज को धरती पर बनाने के पीछे कारण है – i. ऊर्जा की कमी दूर करने के लिए ii. पर्यावरण के लाभ के लिए iii. प्राकृतिक ऊर्जा संग्रह के लिए iv. फ्यूजन तकनीक को सिद्ध करने के लिए	1
(घ)	सूर्य को असीमित ऊर्जा का स्त्रोत क्यों माना जाता है ?	2
(ङ)	नाभिकीय ऊर्जा जीवाश्म ईंधनों से किस प्रकार भिन्न है ?	2

	खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)	
3.	पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए –	4x1=4
(क)	वज़ीर अली की जांबाजी और साहसिक कारनामों से सभी परिचित थे- वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।	1
(ख)	किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध की पहचान कैसे की जा जाती है, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।	1
(ग)	<u>सबकी सहायता करने वाले आप</u> आज उदास क्यों हैं - वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।	1
(घ)	मैं खेलते-कूदते कक्षा पास कर लेता हूँ - वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।	1
(ङ)	क्रिया पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।	1
4.	'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए –	4x1=4
(क)	'दादा को तार देने के सिवा तुम्हें और कुछ न सूझेगा'- वाक्य का भेद लिखिए।	1
(ख)	भीड़ की अधिकता के कारण पुलिस जूलुस को रोक नहीं सकी - संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।	1
(ग)	उदाहरण द्वारा सरल एवं मिश्र वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।	1
(घ)	संयुक्त वाक्य में समुच्चयबोधक अव्यय की भूमिका स्पष्ट कीजिए।	1
(ङ)	गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा - वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।	1
5.	'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए –	4x1=4
(क)	सामासिक पद अन्य व्याकरणिक पदों से किस प्रकार भिन्न होता है?	1
(ख)	तत्पुरुष समास में पूर्व पद और उत्तर पद की भूमिका स्पष्ट कीजिए।	1
(ग)	'यथाशक्ति' अव्ययीभाव समास है कैसे?	1
(घ)	'त्रिलोकीनाथ' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए।	1
(ङ)	द्विगु समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।	1
6.	'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए –	4x1=4

(क)	भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के लिए..... करनी पड़ती है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)	1
(ख)	समुद्र किनारे शाम को ततांरा रोज वामीरो की..... था। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)	1
(ग)	शैलेंद्र का मुरझाया हुआ चेहरा देखकर राज कपूर ने मुस्कराते हुए कहा, "निकालो एक रुपया, पारिश्रमिक पूरा एडवांस।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।	1
(घ)	'काम तमाम कर देना और धूल में मिला देना मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।	1
(ङ)	'निराशा के बादल फटना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।	1
	खंड ग **(पाठ्यपुस्तक)**	
7.	निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए-	5x1=5
	मदालसा भी पकड़ी गई थी। उससे मालूम हुआ कि उसको थाने में भी मारा गया था। सब मिलाकर 105 स्त्रियाँ पकड़ी गई थीं। बाद में रात को नौ बजे सबको छोड़ दिया गया। कलकता में आज तक इतनी स्त्रियाँ एक साथ गिरफ्तार नहीं की गई थी। करीब आठ बजे खादी भंडार आए तो कांग्रेस ऑफिस से फोन आया कि यहाँ बहुत आदमी चोट खाकर आए हैं और कई की हालत संगीन है उनके लिए गाडी चाहिए। जानकी देवी के साथ वहाँ गए, बहुत लोगों को चोट लगी हुई थी। डॉ दास गुप्ता उनकी देख-रेख तथा फोटो उतरवा रहे थे। उस समय तक 67 आदमी वहाँ आ चुके थे। बाद में तो 103 तक आ पहुंचे।	
(क)	मदालसा को थाने में भी मारा गया था- इस कथन से अंग्रेजी शासन की किस मानसिकता का पता चलता है? i. स्त्रियों पर हिंसा ii. दमनकारी नीति iii. बदले की भावना iv. अंग्रेजों की क्रूरता	1
(ख)	'सब मिलाकर 105 स्त्रियाँ पकड़ी गई थी' कथन से निष्कर्ष निकलता है कि---	1

	i. आंदोलन में पुरुषों की संख्या कम थी। ii. पुलिस स्त्रियों को अधिक गिरफ्तार कर रही थी। iii. मोनुमेट पर स्त्रियाँ आगे की पंक्ति में थी। iv. आंदोलन में स्त्रियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था।	
(ग)	इस गदयांश का सूत्रधार आप किसे मानते है ? i. पूर्णोदास ii. मदालसा iii. सीताराम iv. जानकी देवी	1
(घ)	यहाँ बहुत आदमी चोट खाकर आए हैं और कई की हालत संगीन है – पक्ति में 'संगीन' का अर्थ है– i. गंभीर ii. घायल iii. मूच्छित iv. नाजुक	1
(ङ)	निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढिए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए : कथन (A) – डॉ दास गुप्ता उनकी देख–रेख तथा फोटो उतरवा रहे थे। कारण (R) वे आंदोलन के बारे में साक्ष्य एकत्रित कर रहे थे। i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है	1
8.	**गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए –**	3X2=6
(क)	'मेरे देखते तुम बेराह न चलने पाओगे' – पंक्ति से बड़े भाई के कर्तव्य और अधिकार का पता कैसे चलता है?	2
(ख)	'जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ' – ततांरा ने ऐसा क्यों कहा होगा ?	2
(ग)	शैलेंद्र ने राज कपूर की भावनाओं को शब्द दिए हैं, कैसे ?	2
(घ)	सआदत अली खाँ में देशप्रेम का अभाव था, स्पष्ट कीजिए।	2
9.	**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–**	5x1=5
	चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए	

	विपत्ति, विघ्न जो पड़े उन्हें ढकेलते हुए घटे न हेल–मेल हाँ बढ़े न भिन्नता कभी अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे	
(क)	जीवन में निर्धारित लक्ष्य कैसे प्राप्त किया जा सकता है? i. संपर्क बढ़ाने से ii. साधन जुटाने से iii. सतत प्रयत्नशील रहने से iv. लक्ष्य का ध्यान करने से	1
(ख)	कवि को किस बात का डर है ? i. दूरियाँ बढ़ने की ii. प्रेम कम होने की iii. सहयोग में कमी iv. एकता की भावना का	1
(ग)	निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। अभिकथन (A) – कवि मनुष्य के लिए मनुष्यता का होना अनिवार्य मानता है। कारण (R) – मनुष्यता के लिए संतोष का होना आवश्यक नहीं है। i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है। ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं। iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।	1
(घ)	कवि समर्थ भाव किसे मानता है? i. स्वार्थ भावना को सबल बनाना ii. कार्य में सफलता प्राप्त करना iii. कार्य के प्रति लगनशील रहना iv. स्वयं के साथ दूसरे को भी आगे बढ़ाना	1
(ङ)	र्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी' – पंक्ति का भाव है – i. तर्कहीनता ii. भावुकता iii. नकारात्मकता iv. सकारात्मकता	1

10.	काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए -	3x2=6
(क)	प्रत्येक व्यक्ति की विशेषता उसके भीतर निहित होती है। कबीर की साखी से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।	2
(ख)	जीवन में सुख-दुख धूप और बादल की तरह होते हैं।	2
(ग)	'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता से कोई एक उदाहरण देकर सिद्ध कीजिए।	2
(घ)	तोप जैसे लोगों का परिणाम भी तोप जैसा ही होता है, विचार व्यक्त कीजिए।	2
(ङ)	मनुष्य को अपने साहस और पुरुषार्थ पर भाग्य से अधिक भरोसा रखना चाहिए। 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर सिद्ध कीजिए।	2
11.	पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए -	2x3=6
(क)	भारत एक बहुधार्मिक समाज वाला देश है। सामाजिक सद्भाव के लिए 'टोपी शुक्ला' पाठ आपको कैसे मदद करता है?	3
(ख)	स्मृतियाँ सदैव सुखद होती है। 'सपनों के-से दिन' पाठ में लेखक ने अपनी स्मृतियों को साझा किया है। आप भी इस प्रकार की कोई स्मृति साझा कर बताइए कि वह आपको क्यों अच्छी लगती है?	3
(ग)	आज शहरी एवं ग्रामीण जीवन में अकेलापन एक आम समस्या हो गई है। इससे कैसे मुक्त हुआ जा सकता है। 'हरिहर काका' पाठ के संदर्भ में युक्तियुक्त उत्तर दीजिए।	3
	खंड घ **(रचनात्मक लेखन)**	
12.	निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए -	1x5=5
	(i) चुनाव में मतदान का महत्व • चुनाव क्या है • चुनाव की आवश्यकता • मतदान का महत्व **(ii) स्वच्छता में आम आदमी की भूमिका** • स्वच्छता क्यों आवश्यक • स्वच्छता का स्वास्थ्य पर प्रभाव • हमारी भूमिका **(iii) यांत्रिक सुविधाओं का पर्यावरण पर प्रभाव** • यांत्रिक सुविधा से अभिप्राय • यंत्रों की अधीनता	

	• पर्यावरण पर प्रभाव	
13.	**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए –**	1x5=5
	आप श्याम/दीपशिखा हैं। विद्यालय में भाषा प्रयोगशाला खुलवाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए जिससे विद्यार्थी भाषा की ध्वनियों को समझकर श्रवण एवं वाचन कौशल का विकास कर सकें । **अथवा** आप बी-43, आकाश विहार, दिल्ली निवासी राजन/ रम्या हैं। हर साल होने वाली 'परीक्षा पर चर्चा' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।	
14.	**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-** आप राहुल/रोशनी हैं। आप अपने स्कूल के विद्यार्थी परिषद के सचिव हैं। आपके स्कूल में अंतर्विद्यालयी 'वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस विषय में सभी विद्यार्थियों को जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए। **अथवा** आप वैशाली निवासी अमर/अवनि हैं। आप अपने क्षेत्र के 'निवासी कल्याण संघ' के सचिव हैं। अपने क्षेत्र में लगने वाले रक्तदान शिविर की जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए।	1x4=4
15.	**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए-** आपने खेल सामग्री की एक नई दुकान खोली है। अपनी दुकान के बारे में जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **अथवा** 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत' के विषय में लोगों को जागरूक करते हुए सरकार की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए।	1x3=3
16.	एक शाम जब मैं घर में बैठी थी तभी अचानक किसी ने ज़ोर से दरवाजा खटखटाया। मैं चौंक गया/गई.....' पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में **लघुकथा** लिखिए। **अथवा**	1x5=5

	आप शक्ति/संयम हैं। आप लालटेन गंज में रहते हैं। आपके क्षेत्र में पिछले एक महीने से बिजली की गंभीर समस्या चल रही है। इसकी जानकारी देते हुए बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में **ई–मेल** लिखिए।	

अंक योजना प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2024–25)
कक्षा–दसवीं हिन्दी–ब (कोड 085)

निर्धारित समय: 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश :

- अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है ।
- प्रश्नपत्र में बहुविकल्पीय एवं वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।
- अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं ।ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं ।
- यदि परीक्षार्थी इन उत्तर बिन्दुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ ।
- मूल्यांकन–कार्य अपनी निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए ।
- एक ही प्रकार की अशुद्धि पर अंक न काटा जाए ।
- मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है

	खंड–क **(अपठित बोध)**	
1.	अपठित गदयांश पर आधारित प्रश्न –	7
(क)	ii दुनिया के विकास पर	1
(ख)	i बहुत ही तेज़ी से विकास	1
(ग)	ii कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।	1
(घ)	– कठिन चीज़ें आसान हो गई हैं। – सरलता से परिणाम तक पहुँचा जा रहा है।	1+1=2
(ङ)	– कंप्यूटर का उन्नत रूप – दुनिया की प्रगति में किए जाने वाले अनुसंधान का परिणाम – सुपर कंप्यूटर से भी अधिक क्षमता तथा असीमित विकास की संभावनाएं	1+1=2
2.	**अपठित गदयांश पर आधारित प्रश्न –**	7
(क)	i सौर ऊर्जा	1

(ख)	iii कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।	1
(ग)	i ऊर्जा की कमी दूर करने के लिए	1
(घ)	- अक्षय ऊर्जा का स्रोत होने से - ऊर्जा की कमी को पूरा करने की क्षमता होने के कारण	1+1=2
(ङ)	- स्वच्छ ऊर्जा का स्रोत होने से - पर्यावरण की सुरक्षा एवं लाभ - जैविक ऊर्जा से अधिक विश्वसनीय	1+1=2
	खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)	
3.	**'पदबंध' पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित -**	**4x1=4**
(क)	जांबाजी और साहसिक कारनामे – विशेषण पदबंध	**1**
(ख)	- जिस वाक्य में संज्ञा प्रमुख पद के रूप में प्रयुक्त होता है उदाहरण - <u>अयोध्या के राजा राम</u> बड़े प्रतापी थे। इस वाक्य में 'राम' संज्ञा है तथा प्रमुख पद है अन्य पद संज्ञा का विस्तार है।	**1**
(ग)	सर्वनाम पदबंध	**1**
(घ)	पदबंध - 'खेलते-कूदते' - क्रिया विशेषण पदबंध कारण - यह पद क्रिया की विशेषता बता रहा है।	**1**
(ङ)	क्रिया पदबंध - दौड़ता चला गया उदाहरण - आंदोलनकारी मोनुमेंट की ओर दौड़ता चला गया।	**1**
4.	**'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित -**	**4x1=4**
(क)	सरल वाक्य	**1**
(ख)	भीड़ की अधिकता थी, इसलिए पुलिस जूलुस को रोक नहीं सकी ।	**1**

(ग)	सरल वाक्य– सुभाष बाबू ज़ोर से वंदे मातरम बोलते थे । मिश्र वाक्य– जब सुभाष बाबू ज़ोर से वंदे मातरम बोलते थे तब लोगों में उत्साह भर जाता था।	1
(घ)	दो स्वतंत्र वाक्यों को समुच्चयबोधक अव्यय द्वारा जोड़ने पर संयुक्त वाक्य बन जाता है।	1
(ङ)	मिश्र वाक्य– 'कि' वाक्य में प्रयुक्त होने से पहले आधार वाक्य पर दूसरा वाक्य आधारित है। सम्पूर्ण वाक्य से स्पष्ट होता है।	1
5.	**'समास' पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –**	**4x1=4**
(क)	अन्य व्याकरणिक पदों के विग्रह करने पर विशेष अर्थ उत्पन्न नहीं होता है जबकि सामासिक पद के विग्रह से विशेष अर्थ ध्वनित होता है।	1
(ख)	तत्पुरुष समास में उत्तर पद प्रमुख होता है । उत्तर पद से ही अर्थ का पता चलता है। उदाहरण– राजपुत्र– राजा का पुत्र राजपुत्री – राजा की पुत्री	1
(ग)	'यथाशक्ति' में प्रथम पद 'यथा' है जो एक अव्यय पद है। अव्ययीभाव समास में प्रथम पद अव्यय और प्रमुख होता है।	1
(घ)	त्रिलोकीनाथ– तीनों लोकों के नाथ हैं जो अर्थात विष्णु – बहुव्रीहि समास	1
(ङ)	द्विगु समास में प्रथम पद हमेशा संख्यावाची होता है। उदाहरण– त्रिकोण, चौराहा आदि ।	1
6.	**'मुहावरे' पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –**	**4x1=4**
(क)	रात–दिन एक करनी	1
(ख)	बाट जोहती	1
(ग)	'मुरझाया हुआ चेहरा' – परीक्षा परिणाम अनुकूल नहीं आने पर विद्यार्थियों का चेहरा मुरझा जाता है। (अन्य उपयुक्त वाक्य भी स्वीकार्य)	1
(घ)	काम तमाम कर देना – अर्थात खत्म कर देना	1

	धूल में मिला देना – शान में दाग लगा देना	
(ङ)	अधिक मेहनत करने के नाम सुनकर जो निराशा छोटे भाई को होती थी थोड़ी देर बाद स्वतः निराशा के बादल फटने लगते । (उपयुक्त अन्य उत्तर भी स्वीकार्य)	1
	खंड-ग **(पाठ्य पुस्तक)**	
7.	**पठित गदयांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –**	**5x1=5**
(क)	i स्त्रियों पर हिंसा	1
(ख)	iv आंदोलन में स्त्रियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था	1
(ग)	iii सीताराम	1
(घ)	i गंभीर	1
(ङ)	ii कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है।	1
8.	**किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में अपेक्षित –**	**3x2=6**
(क)	– छोटे भाई पर ध्यान रखना बड़े का कर्तव्य – उसे अनुचित कार्य करने पर डांटना अधिकार	2
(ख)	– द्वीप पर तताँरा एक नेक और लोकप्रिय युवक – पहली बार वामीरो को देख कर विचलित महसूस करना – वामीरो के प्रति कोमल भावनाओं को महसूस करने से असंयत होना	2
(ग)	– राजकपूर का व्यक्तित्व एवं अभिनय के अनुकूल हीरामन का चरित्र – चरित्र में डूबकर अभिनय करने से एकाकार हो जाना – शैलेंद्र ने जिस भावुकता के साथ फिल्म बनाई, राजकपूर ने उसी भावुकता के साथ अभिनय किया	2
(घ)	– अपने देश (अवध) तथा भाई आसिफउददौला के साथ गद्दारी – सत्ता तथा सुख के लिए अंग्रेजों के साथ मिल जाना – अपने भाई भतीजा के प्रति दुर्भावना	2
9.	**काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –**	**5x1=5**
(क)	iii सतत प्रयत्नशील रहने से	1
(ख)	i दूरियाँ बढ़ाने से	1

(ग)	iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।	1
(घ)	iv स्वयं के साथ दूसरे को भी आगे बढ़ाना	1
(ङ)	iv सकारात्मकता	1
10.	**किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में अपेक्षित -**	**3x2=6**
(क)	कस्तुरी कुंडली .....दुनिया देखे नांहि ॥ - जिस तरह कस्तूरी मृग की नाभि में होती है , लेकिन मृग को पता नहीं होता और उसे वन में खोजता है । ठीक वैसे ही मनुष्य अपने भीतर की विशेषता को नहीं देख कर बाहर खोजता है।	2
(ख)	उड़ गया अचानक लो भूधर फड़का अपर वारिद के पर – तथा अन्य उदाहरण भी स्वीकार - सुख पर दुख की छाया हमेशा होती है। दुख रूपी बादल सुख रूपी धूप को कभी भी घेर सकता है।	2
(ग)	- अत्याचारी का अत्याचार हमेशा नहीं रहता - एक दिन कमजोर और बेबस हो जाता है - मज़ाक और उपहास का पात्र बन जाता है	2
(घ)	- भगवान भी उसी की मदद करता है जो स्वयं अपनी मदद करता है। - कवि ईश्वर से विपत्ति पर जीत की शक्ति चाहता है। - कठिनाइयों को साहस से पराजित करना चाहता है।	2
11.	**पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में अपेक्षित -**	**2x3=6**
(क)	- टोपी और इफ़्फ़न दोनों अलग- अलग धर्म के मानने वाले मगर दोनों में अटूट प्रेम - दोनों एक-दूसरे के मज़हब और रीति रिवाज का सम्मान करते	3

	– एक–दूसरे के यहाँ आना–जाना लेकिन किसी बात पर ज़ोर–जबरदस्ती नहीं	
(ख)	– मुक्त उत्तर । (विद्यार्थियों की समझ तथा अभिव्यक्ति क्षमता पर आधारित)	3
(ग)	– परिवार और समाज रूपी संस्था को मजबूत करके – सामाजिक तथा पारिवारिक मूल्यों में विश्वास तथा अमल करके – स्वार्थ और आत्मकेंद्रित भावना से मुक्त हो कर – अपने आसपास के प्रति जागरूक तथा बदलाव के लिए पहल करके	3
	खंड–घ **(रचनात्मक लेखन)**	
12.	**किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुछेद लेखन–** • भूमिका – 1 • विषयवस्तु – 3 • भाषा – 1	**1x5=5**
13.	**लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन –** • आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ – 1 • विषयवस्तु – 3 • भाषा – 1	**1x5=5**
14.	**लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन –** • सूचना का प्रारूप – 1 • विषयवस्तु – 2 • भाषा – 1	**1x4=4**
15.	**लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लेखन –** • विषयवस्तु – 1 • प्रस्तुति – 1	**1x3=3**

	• भाषा – 1	
16.	**लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लेखन –** • विषयवस्तु – 3 • रोचकता – 1 • भाषा – 1 **अथवा** **लगभग 80 शब्दों में ईमेल लेखन –** • प्रारूप – 1 • विषयवस्तु – 3 • भाषा – 1	**1x5=5**